आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–21.06.2021

भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकाल के अनुरूप आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के गोमती क्रीड़ागण में सामाजिक दूरी का पालन करते हुए सातवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन प्रातः 06:30 बजे से 07:45 बजे तक किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक आरेडिका श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने समस्त रेलकर्मियों तथा उनके परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनायें दी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिये गए अपने संदेश में महाप्रबंधक ने कहा कि योग भारतीय जीवन पद्धति का एक विशिष्ट अंग है। योग का उल्लेख हमारे वेदों, उपनिषदों, महाकाव्यों, भारतीय दर्शन, तथा बौद्ध और जैन परंपराओं में मिलता है जिसे ऋषि–मुनियों ने जीवित रखा और इसकी एक पहचान बनी। योगा को अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बहुत कार्य किया। महाप्रबंधक ने आरेडिका के समस्त लोगों से अनुरोध किया कि वे इस वर्ष की थीम 'बी विद योग, बी एट होम' यानी ''योग के साथ रहें, घर पर रहें'' के अनुरूप ही घर पर रहते हुए योग करें साथ हीं योग को अपने जीवन में लाएं और अपने आप को स्वस्थ्य रखें।

यह योग शिविर योगाचार्य श्री चन्द्रमोहन बघेल जी के मार्गदर्शन में कार्मिक विभाग एवं खेल–कूद संघ द्वारा संपन्न कराया गया। योग शिविर में आरेडिका, रायबरेली के अधिकारी, कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्यों ने योगाचार्य जी के कुशल मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया। आरेडिका के रेलवे सुरक्षा बल के सदस्यों ने अपने बैरक में योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अमरनाथ दूबे ने योगाचार्य श्री चन्द्रमोहन बघेल को आरेडिका की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया तथा उपस्थित सभी योग प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

A Srivastav
21/06/2021

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन–संपर्क अधिकारी
कृते मुख्य जनसंपर्क अधिकारी

MCF/RBL